हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

14 शासकीयकरण की मांग को लेकर सचिव संघ की...



14 बीज निगम अध्यक्ष का पार्षद के नेतृत्व में हुआ स्वागत



## खबर संक्षेप



### च्वाईस सेंटर संचालक से मारपीट

**महासमुंद।** बिरकोनी में च्वाईस सेंटर संचालक के साथ मारपीट के मामले में एक आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी डोमेश्वर साहू निवासी वार्ड नं 19 बिरकोनी ने बताया कि वह एनएच 53 रोड में च्वाईस सेंटर का संचालन करता है। 11 अप्रैल की शाम करीब 6.30 बजे बजे अपने च्वाईस सेंटर को बंद अपने मोटर सायकल में घर जाने वाला था, तभी गांव के लोकेश यादव ने वहां आकर अपने मोटर सायकल उसी गाड़ी के सामने खड़ी कर दिया, जब उसने लोकेश यादव से गाड़ी हटाने कहा तब आरोपी ने गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। साथ ही जान से मारने और दुकान का सामान तोड़फोड़ करने की धमकी दी। मामले में कोतवाली में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सौ बोतल देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग के कब्जे से सौ पौवा यूनिक देशी प्लेन शराब जब्त किया है। मामले में नाबालिग के साथ एक अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि 11 अप्रैल को सितली नाला देशी शराब दुकान के पास एक व्यक्ति द्वारा अवैध शराब परिवहन एवं एकत्र करने की सूचना के बात रेड कार्रवाई की गई। विधी से संघर्षरत बालक के कब्जे से यूनिक देशी प्लेन शराब कुल 100 पौवा बरामद किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान पुलिस विधि से संघर्षरत बालक की तलाशी में प्लास्टिक बोरे में भरा हुआ यूनिक देशी प्लेन शराब 20 पौवा बरामद किया गया। साथ ही पूछताछ में नाबालिग आरोपी ने बताया कि मनोज स्वीपर उर्फ राजकुमार पिता महेश स्वीपर के द्वारा दिए गए पैसे से देशी शराब दुकान सितली नाला से यूनिक देशी प्लेन शराब खरीद कर देशी शराब दुकान के पीछे झाड़ियों के पास शराब को रखना बताया। इसके बाद पुलिस ने देशी शराब दुकान के पीछे से 80 पौवा यूनिक देशी प्लेन शराब जब्त किया। विधि से संघर्षरत बालक ने बताया कि शराब लाने पर उसे प्रति पौवा 2 रुपए का कमीशन दिया जाता है। मामले में पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक के अलावा एक अन्य आरोपी मनोज कुमार उर्फ मनोज स्वीपर उर्फ राजकुमार पिता महेश स्वीपर निवासी स्वीपर कालोनी थाना महासमुंद संलिप्तता के संबंध में तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त होने पर मौके पर धारा 34(2), 42 आबकारी एक्ट, 111(2)(बी), 95 बीएनएस, 78 जेजे एक्ट के तहत कार्रवाई कर विवेचना में लिया है।

# निस्तारी के लिए छोड़ा गया पानी, जलाशयों के कंठ अभी से सूखे

## कोडार बांध में केवल 9 फीट पानी, केशवा जलाशय से भी दिया जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भीषण गर्मी के चलते जिले के जलाशयों में आधा पानी भी शेष नही बचा है। कोडार बांध में 30-50 फीट जल भराव क्षमता है लेकिन, वर्तमान में 9 फीट पानी है। निस्तारी के लिए भी पानी छोड़ा जा चुका है। केशवा जलाशय में 36 फीट जल भराव क्षमता के मुकाबले वर्तमान में महज 15 फीसदी याने 17.50 फीट पानी है। केशवा जलाशय से भी किसानों की मांग पर रबी फसल के लिए पानी दिया जा रहा है।

कोडार जलाशय से 16754 और केशवा जलाशय के पानी से 3846 हेक्टेयर में फसल ली जाती है। कोडार की रूपांकित क्षमता 149 मिक्यूमी है और केशवा जलाशय की 17.85 मिक्यूमी है। दोनों बांध मानसूनी बारिश पर ही निर्भर हैं। इसी से बांध का जलस्तर बढ़ता है। 2024 में केवल 58 प्रतिशत पानी ही कोडार बांध में भर पाया था। खरीफ फसल के लिए 22 अगस्त 2024 को ही पानी छोड़ दिया गया था। मार्च आते-आते बांधों में केवल निस्तारी के लिए ही पानी शेष रह गया है। अप्रैल माह में ही पिछले दिनों किसानों की मांग पर निस्तारी के लिए भी कोडार बांध से पानी छोड़ा जा चुका है। इस वर्ष कोड़ार बांध से किसी भी किसान को रबी फसल के लिए पानी नहीं दिया गया है। जल संसाधन विभाग के ईई एके खरे ने बताया कि निस्तारी के लिए किसानों को पानी दिया जा रहा है। बांधों में पानी कम है। पानी को सहेजना भी जरूरी है। इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।



### विधायक ने किया निरीक्षण

तालाबों को भरने के लिए जलाशयों से दिए जा रहे पानी और इस व्यवस्था का निरीक्षण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शुक्रवार को ग्राम कौंदकेरा पहुंचकर किया। साथ ही ग्रामीणों से पानी की आवश्यकताओं एवं समस्या को लेकर भी चर्चा भी की। भीषण गर्मी को देखते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को कोडार से निस्तारी के लिए पानी देने निर्देशित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या न हो ऐसी व्यवस्था करने निर्देशित किया था। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता व पार्षद पवन पटेल सहित अन्य पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### डेम को डेम से जोड़ने बनाई है योजना

जलाशयों को जलाशय से ही जोड़ने की योजना बनाई गई है। सिकासेर बांध के पानी को कोड़ार बांध तक लाने की योजना है। सिकासेर बांध का पानी कोडार बांध में पहुंचने से कई किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। किसान दो फसल ले सकेंगे। इसका प्रारंभिक सर्वेक्षण हो चुका है। कोडार बांध से सिकासेर बांध की दूरी लगभग 120 किमी है।

### मानसून पर निर्भर बांध

दो बड़े जलाशयों सहित जिले में 100 लघु जलशय हैं। बांध मानसून सीजन में होने वाली बारिश पर ही निर्भर हैं। 50 प्रतिशत से अधिक लघु जलाशय गर्मी के सीजन में सूख जाते हैं। इससे किसानों को न ही निस्तारी के लिए पानी मिल पाता है और न ही फसलों की सिंचाई के लिए पानी मिलता है।

## शिक्षा : प्रथम चरण के आवेदन की प्रक्रिया पूरी हुई

# आरटीई के प्रथम चरण में 1712 सीटों के लिए 3040 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के 218 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत 1712 सीटों के लिए निर्धारित समयावधि में अब तक 3 हजार 40 आवेदन आ चुके हैं। बता दें कि शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन किए जाने की अंतिम तिथी समाप्त हो चुकी है और स्कूलों में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा के लिए प्रथम चरण के आवेदन की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। पालकों ने अपने बच्चों का आवेदन कर दिया है और अब लॉटरी के माध्यम से ही निर्णय होगा। ज्यादातर पालक अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में ही आवेदन करते हैं। इस वर्ष भी लगभग 1300 पालकों को निराशा हाथ लग सकती है। 1712 सीटें ही हैं। हर सीट के लिए छात्रों को जद्दोजहद करनी होगी। चयनित सीटों पर प्रवेश नहीं लेने पर सीट रिक्त हो जाएगी और दूसरे चरण में रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया होगी। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में ये देखने में आ रहा है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी सीटों की सूची जारी नहीं की जाती है। पिछले वर्ष भी लगभग 1700 सीटों के लिए प्रवेश हुआ था, लेकिन पहले चरण में 13 हजार छात्रों के नाम ही जारी किए गए थे। इससे कई छात्र वेटिंग में इंतजार करते ही रह जाते हैं। पात्र होने के बाद भी प्रवेश नहीं ले पाते हैं। लॉटरी और सीट आबंटन एक से 2 मई के बीच होगा। स्कूल में प्रवेश लेने की प्रक्रिया पांच मई से 30 मई तक चलेगी। शिक्षा विभाग के आरटीई प्रभारी देवेश चंद्राकर ने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है। 1712 सीट के लिए 3 हजार 40 आवेदन आए हैं।

इस अधिनियम के तहत 3 से 6 1/2 वर्ष तक के बच्चे किसी भी प्राइवेट स्कूल के प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश ले सकते हैं। इस योजना से प्रवेशित छात्र कक्षा 12 वीं तक निःशुल्क चयनित स्कूल से अध्ययन कर सकते हैं। पात्र छात्रों को नर्सरी से 12 वीं तक निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज से सभी वर्गके लोगों के मध्य सामाजिक समानता लाना है।




### दूसरे चरण के लिए आवेदन 20 जून से

आरटीई के तहत द्वितीय चरण की प्रक्रिया 2 से 16 जून तक चलेगी। इसमें नए स्कूलों का पंजीयन हो सकेगा। द्वितीय चरण में छात्रों का पंजीयन 20 से 30 जून तक चलेगा। नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 1 से 8 जुलाई तक की जाएगी। लॉटरी व सीट आवंटन 14 से 15 जुलाई 2025 तक होगा। द्वितीय चरण की स्कूल में दाखिला लेने की प्रक्रिया 18 से 31 जुलाई तक चलेगी। आरटीई के तहत ऑनलाइन दावा एक अगस्त से 30 अगस्त तक किया जा सकेगा।

### बड़े निजी स्कूलों की रहती है डिमांड

शहर के बड़े निजी स्कूलों में ही आरटीई के तहत प्रवेश के लिए जद्दोजहद रहती है। निःशुल्क शिक्षा के लिए एक सीट पर 15 से 20 आवेदन आए हैं। 25 प्रतिशत सीट पर प्रवेश के लिए जोर लगा रहे हैं। बड़े निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले ज्यादातर पालकों को निराशा ही हाथी लगती है। कुछ छात्रों का ही चयन हो पाता है।

# केना के धान उपार्जन केंद्र में करोड़ों की अनियमितता

## मामले में प्रभारी समेत तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र के धान उपार्जन केंद्र केना में करोड़ों की अनियमितता मामले में जिला सहकारी केंद्र मर्यादित शाखा सरायपाली शाखा प्रबंधक द्वारा की गई जांच के बाद थाना में केंद्र प्रभारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर व बारदाना प्रभारी के खिलाफ प्रस्तुत किए गए आवेदन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

सरायपाली पुलिस को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा तोरेसिंहा के शाखा प्रबंधक युवराज नायक ने बताया कि धान उपार्जन केंद्र केना में अनियमितता होने की शिकायत पर जांच समिति में शामिल खाद्य निरीक्षक सरायपाली अविनाश दुबे, सहकारिता विस्तार अधिकारी सरायपाली मनोज नायक, नायब तहसीलदार रविंद्र काले द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

जांच में पाया गया कि धान उपार्जन केंद्र केना में धान खरीदी प्रभारी भीष्मदेव पटेल के कहने पर डाटा एंट्री ऑपरेटर शौनक नायक के द्वारा ट्रांसपोर्टर मॉड्यूल से 14.01.2025 को 30 एवं 15.01.2025 को 01 गेट पास जारी किया गया था एवं 14.01.2025 एवं 15.01.2025 को 31 डीएम जारी कर फर्जी रूप से 25925 बोरा धान वजन 10370 क्विंटल स्टाक घटाया गया है। वहीं, धान संग्रहण केंद्र सरायपाली के धान आवक पंजी एवं सोसाइटी से जारी किंतु संग्रहण केंद्र को अप्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 31 गाड़ियां 24.01.2025 तक अप्राप्त है।



जांच में पाया कि इस प्रकार भीष्मदेव पटेल उपार्जन केंद्र प्रभारी केना द्वारा धान का स्टाक घटाने के उद्देश्य से फर्जी गेट पास बनाकर डीएम जारी किया गया। उपार्जन केंद्र केना के धान खरीदी प्रभारी द्वारा 20.01.2025 को 06 गेटपास बनाकर 06 डीएम जारी किया गया। उक्त गाड़ियों में औसत 39 कि.ग्रा. प्रति बोरा धान से कम वजन प्राप्त होने के कारण उक्त गाड़ियों की 3150 बोरी वजन 1260 क्विंटल धान का संग्रहण केंद्र में ऑनलाइन प्रविष्टि नहीं की गई है। वहीं 23.01.2025 को धान उपार्जन केंद्र केना के भौतिक सत्यापन में 10373 भर्ती बोरा धान कम पाया गया है एवं खाली बारदानों की गिनती करने पर 917 नग नया खाली बारदाना अधिक एवं 1639 नग पुराना बारदाना कम पाया गया। धान उपार्जन केंद्र में कुल 36298 भर्ती बोरा धान, वजन 14519.20 क्विंटल धान कम पाया गया, जो गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आता है। जांच में इस अनियमितता के लिए उपार्जन केंद्र प्रभारी भीष्मदेव पटेल, डाटा एंट्री ऑपरेटर शौनक नायक एवं बारदाना प्रभारी बीरेंद्र साहू को जिम्मेदार ठहराया गया है। जांच समिति अधिकारी द्वारा सत्यापित जांच प्रतिवेदन के तहत धान उपार्जन केंद्र केना में 1639 नग पुराना बारदाना कीमत 40975 रुपए एवं 36998 बोरा धान वजन 14519.20 क्विंटल कीमत 4,50,09,520 रुपए कुल 4,50,50,495 रुपए की अनियमितता मामले में उक्त आरोपियों के खिलाफ सरायपाली थाने में धारा 3(5), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# मसीही समाज ने मनाया पाम संडे, प्रभु यीशु की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मसीह समाज द्वारा पाम संडे (खजूर) रविवार के मौके पर सुबह भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सेंट पीटर्स चर्च से निकल कर नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा में सभी ने खजूर की डालियां लिए हुए, भक्ति गीतों और प्रार्थना करते हुए पुनः चर्च में समाप्त हुआ।

शोभायात्रा में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लोगों ने भक्ति भाव से सजाई गई झांकियों के साथ प्रभु यीशु मसीह के जीवन प्रसंगों का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा के मार्ग को फूलों और झंडियों से सजाया गया था, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक उल्लास से भर रहा। बाद शोभायात्रा सेंट पीटर्स चर्च में समाप्त हुआ। इसके बाद रेव्हरेंट प्रमेंद्र सिंग प्रार्थना करते हुए पाम संडे की महत्व को वचन के माध्यम से बताया। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु मसीह के यरुशलम आगमन की स्मृति में मनाया जाता है, जब लोगों ने उनका स्वागत खजूर की पत्तियों से किया था। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु मसीह समर्पण, विनम्रता और बलिदान का प्रतीक है। यह दिन उनके क्रूस यात्रा की शुरुआत का संकेत देता है, जो मानवता के उद्धार के लिए किया गया। शोभायात्रा समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देती है और हमें सिखाती है कि सेवा और त्याग के मार्ग पर चलना ही सच्ची भक्ति है। इस अवसर पर सेंट पीटर्स चर्च कमेटी सदस्य अनिता जी रावटे, जेम्स जॉन, जार्ज स्टीफन बार्लो, संजय सालोमन, सतीश फ्रांसिस, डेज़ी दास, निशा सालोमन, रजनी प्रधान, अल्पना सिंह, सुनीता बार्लो, शशांक बार्लो, राहुल दास सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।





### 4 लाख का गांजा जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने बसना के ग्राम बंसुला के पास परसकोल चौक के पास एक कार से 4 लाख रुपए का 20 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने बताया कि परसकोल चौक बंसुला में वाहन चेकिंग के दौरान एक स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 07 ए 0929 में एक व्यक्ति सवार होकर आया, जिसे रोकने पर हड़बड़ाकर कार को मोड़ने का प्रयास कर रहा था। जिसे स्टाफ ने घेराबंदी कर रोका। पुलिस की पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने कार के पीछे डिक्की में दो बोरी में गांजा होना बताया। आरोपी कार चालक ने अपना नाम मो यासीन पिता मो रिजवान (32 साल) निवासी नेहरू नगर पुलिस लाइन के पास रायपुर थाना कोतवाली जिला रायपुर छग का रहने वाला बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार की डिक्की से 20 किलो 400 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 400000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में हुआ समारोह

# छग बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर का पदभार ग्रहण समारोह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। हनुमान जयंती के दिन नया रायपुर स्थित मंडी बोर्ड में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर द्वारा बीज निगम की मुख्य गतिविधियां, बीज निगम के गठन से लेकर निरंतर प्राप्त उपलब्धियों की विवरण सहित चैंप्स सूचना प्रौद्योगिकी आधारित पारदर्शी प्रणाली के उद्बोधन के साथ पदभार ग्रहण किया।

चंद्राकर ने प्रदेश के किसानों की उन्नति के लिए निरंतर प्रयास करते हुए किसानों के हित में कार्य करने का दृढ़ विश्वास जताया। इस समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक पुरंदर मिश्रा, वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, चंद्रशेखर साहू, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, इंद्र कुमार साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक संपत अग्रवाल, चंदूलाल साहू, संजय श्रीवास्तव, संदीप शर्मा, श्याम बैस, अमरजीत छाबड़ा, यशवंत जैन, संजय म्हस्के, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, मिरी, सलीम राज, लोकेश कावड़िया, अशोक बजाज, रामप्रताप सिंह, पूनम चंद्राकर, डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, निगम मंडल आयोग के अध्यक्षगण, सरगुजा जिला भाजपा अध्यक्ष भारत सिंघ सिसोदिया, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से प्रदेश भर से साथी गण, स्थानीय पदाधिकारी, महासमुंद जिले, रायपुर जिले एवं प्रदेश भर के पार्टी परिवार के साथी गण, बीज निगम के कर्मचारी, अधिकारी मौजूद रहे, कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ राज्य गीत से की गई। उक्ताशय की जानकारी भाजपा नेता भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने दी।



### नहर से छोड़े गए पानी से खेत में सिंचाई को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद

**महासमुंद।** ग्राम परसवानी में नहर से छोड़े गए पानी से खेत सिंचाई करने के बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। कोतवाली पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अलग-अलग मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि परसवानी के राहुल साहू ने रिपोर्ट लिखाई है कि 12 अप्रैल की दोपहर वह अपने नहर के पानी से खेत की सिंचाई कर रहा था, उसी समय गांव का पंच टेमन चंद्राकर ने आकर कहा कि तुम नहर के पानी से सिंचाई क्यों कर रहे हो, नहर के पानी को गांव के तालाब के लिए छोड़ा गया है, कहते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उस समय तो आपस में सुलह हो गये थे। लेकिन रात्रि 8 बजे वह अपने घर के पास अपनी मां और बहन के साथ बाहर बैठा था, तभी पंच टेमन चंद्राकर अपने घर जा रहा था, जिसे मां लता साहू ने रूकवाकर कहा कि मेरे बेटे राहुल के साथ खेत में मारपीट क्यों किए हो। ऐसा कहने पर गुस्से में आकर आरोपी टेमन चंद्राकर प्रार्थी के साथ गाली गलौज मारपीट करने लगा। जब उसकी मां लता साहू, बहन सेखिन साहू, चाची कविता साहू बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी टेमन चंद्राकर, उसके भाई अनिल चंद्राकर और भतीजे ने गाली गलौज कर मारपीट किया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। दूसरे पक्ष के टेमनलाल चंद्राकर ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह परसवानी के वार्ड 13 का पंच है। 12 अप्रैल को 3 बजे करीब नहर से पानी छोड़ा गया था जिसके गांव के तालाब में भराव हेतु गांव के जितेंद्र चंद्राकर, गजेन्द्र साहू, बेनू साहू के साथ ऊपर खार खेत की ओर वह गया था। इसी समय देखा कि राहुल साहू अपने खेत की सिंचाई करने के लिए नहर को काटा था। जिसे कहा गया कि तालाब के भर जाने के बाद सिंचाई करने कहा गया, लेकिन राहुल साहू ने सिंचाई करूंगा कहते हुए गाली गलौज कर अपने घर चला गया। रात को जब प्रार्थी अपने घर जा रहा था तभी राहुल के घर के पास करीब रात 8 बजे राहुल की मां लता साहू रोककर बोली कि हम लोगों को क्यों नहर का पानी सिंचाई करने नही दे रहे हो। इसी दौरान राहुल साहू ने अपने घर के अन्य लोगों को बुलाकर टेमन चंद्राकर के साथ डंडे से मारपीट करने लगा। आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

**खबर संक्षेप**

## बिरगांव में कांग्रेसियों ने गृहमंत्री का पुतला फूंका

**रायपुर।** कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुर्ग जिले में मासूम नाबालिग बेटी के साथ हुई अमानवीय घटना पर रोष व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि एवं शांतिसभा का आयोजन किया। बीरगांव के कांग्रेसियों ने उग्र प्रदर्शन कर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुये उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की है। पंकज शर्मा ने कहा, प्रदेश में आये दिन गंभीर किस्म के अपराध घटित हो रहे हैं। अपराधियों के हौसले बुलंद हो गये हैं। दुर्ग की इस घटना ने साबित कर दिया है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है।

## शेयर मार्केट में ज्यादा मुनाफा का झांसा देकर डॉक्टर से ठग लिए 33 लाख

**रायपुर।** शेयर मार्केट में ज्यादा मुनाफा मिलने का झांसा देकर जालसाज ने एक डॉक्टर से 32 लाख 80 हजार रुपए की ठगी की है। अकाउंट फ्रीज होने के बाद डॉक्टर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। जालसाज ने फंसाने के लिए किसी दूसरी जगह से ठगी के 75 हजार रुपए डॉक्टर के अकाउंट में ट्रांसफर किए। इसके कारण डॉक्टर की पत्नी का अकाउंट फ्रीज हो गया। अकाउंट फ्रीज होने पर डॉक्टर को अपने साथ ठगी की जानकारी मिली। घटना पंडरी थाना क्षेत्र की है। दलदल सिवनी कुल होम निवासी डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने पुलिस को बताया है कि उसके पास सोशल मीडिया के माध्यम से एसबीआई सिक्यूरिटीज एंड आईबीएचके के शेयर में अच्छा मुनाफा मिलने का मैसेज आया। मैसेज देख डॉक्टर ने अपनी पत्नी के अकाउंट से जालसाज के अकाउंट में दो लाख ट्रांसफर कर दिया। रकम ट्रांसफर करने के चंद दिनों के बाद डॉक्टर की पत्नी के अकाउंट में 75 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए।

# सुशासन तिहार 2025 का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न, 1.75 लाख से अधिक आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले के सभी पांच जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सुशासन तिहार का प्रथम चरण 08 से 11 अप्रैल 2025 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस चार दिवसीय जनभागीदारी अभियान में नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए अपनी समस्याएं एवं आवश्यकताओं को लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई।ग्राम पंचायतों से लेकर नगर पंचायत कार्यालयों तक आमजन ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन निर्धारित समाधान पेटियों में जमा किए। अंतिम तिथि तक बड़ी संख्या में शिकायतें एवं मांगें शासन तक पहुंचीं, जिनका निराकरण संबंधित विभागों द्वारा चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। 08 अप्रैल से 13 अप्रैल 2025 तक महासमुंद जिले के पांचों जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों से कुल 1,75,535 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से



1,72,076 आवेदन विभिन्न मांगों से संबंधित हैं, जबकि 3,459 आवेदन शिकायतों से संबंधित हैं। आवेदन प्राप्ति की विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, जनपद पंचायत महासमुंद में 54105, जनपद पंचायत पिथौरा में 33655,जनपद पंचायत बागबाहरा में 29825,जनपद पंचायत सरायपाली में 27479 और जनपद पंचायत बसना में 23911 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार से नगरीय निकायों से प्राप्त आवेदनों में नगर पालिका परिषद महासमुंद अंतर्गत 764 आवेदन, नगर पालिका परिषद सरायपाली में 903, नगर पालिका परिषद बागबाहरा में 1058, नगर पंचायत तुमगांव में 224, नगर पंचायत बसना में 1854, नगर पंचायत पिथौरा में 1538 और कलेक्टर कार्यालय महासमुंद में 219 आवेदन प्राप्त हुए।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की साफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा और एक माह के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व में ही सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे सुशासन तिहार के सुव्यवस्थित आयोजन और इसके अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के तत्परता से निराकरण को सुनिश्चित करें। तीसरे चरण में प्रत्येक जिले की आठ से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर लगाया जाएगा। निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आमजन को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा और यथासंभव आवेदन का त्वरित निराकरण भी किया जाएगा। शेष समस्याओं का निराकरण एक माह के भीतर कर सूचना दी जाएगी। समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वयं शिविरों में उपस्थित होकर जानकारी व लोगों से फीडबैक लेंगे।

# सदर, बूढ़ापारा में भी स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 24 घंटे जल आपूर्ति का अधूरा काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के मौसम में शहर के आउटर इलाके में पेयजल संकट की बात छोड़ें, यहां तो राजधानी के प्राइम लोकेशन पर स्थित सदरबाजार और बूढ़ापारा में पेयजल संकट से लोगों को जूझना पड़ रहा है। वार्ड पार्षद एवं जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने मोतीबाग स्थित जोन 4 दफ्तर में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सदर और बूढ़ापारा इलाके में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी द्वारा 24 घंटे जल आपूर्ति योजना की धीमी रफ्तार को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। ठेकेदार को काम में तेजी लाने उन्होंने

■ **जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने बैठक कर पेयजल आपूर्ति की ली जानकारी**



मैनपावर बढ़ाने की हिदायत दी।

शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति का प्रोजेक्ट रायपुर स्मार्ट सिटी अब तक पूरा नहीं कर पायी है। इसके चलते गर्मी के सीजन में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सदरबाजार और बूढ़ापारा क्षेत्र में अनुबंधित एजेंसी ने सर्वे कर 5750 लोगों के यहां नये कनेक्शन देना तय किया, पर अभी तक केवल इन इलाकों में केवल 2700 कनेक्शन दिया गया है। जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने बकाया घरों में नए कनेक्शन देने का काम जल्द करने निर्देश दिए।

# एसीआई में नर्सिंग भर्ती की प्रतीक्षा सूची वायरल, अस्पताल प्रबंधन ने बताया फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल से संबंधित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में नर्सिंग भर्ती के लिए प्रतीक्षा सूची सोशल मीडिया में वायरल हो गई है। पहली सूची में शामिल लोगों द्वारा ज्वाइनिंग नहीं दिए जाने का हवाला देकर दस लोगों की दूसरी लिस्ट जारी की गई। सूची में शामिल लोगों ने इस बारे में अस्पताल में संपर्क किया, तो अस्पताल प्रबंधन ने इस आदेश को फर्जी करार दिया है।

जानकारी के अनुसार एसीआई राज्य का एकमात्र हृदय संबंधी रोगों का इलाज करने वाला संस्थान है। यहां फैकल्टी की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसी बीच आठ अप्रैल को कार्यालय संयुक्त संचालक एवं चिकित्सा अधीक्षक के नाम से एक नियुक्ति आदेश वायरल हो गया। आदेश नर्सिंग स्टाफ से भर्ती से संबंधित है। इसमें एसीआई में स्टाफ नर्स एवं एएनएम की सीधी भर्ती का जिक्र है। बताया गया है कि दस पदों पर चयनित उम्मीदवारों ने नियत तिथि तक अपनी ज्वाइनिंग नहीं दी थी। इसीलिए प्रतीक्षा



सूची में शामिल दस लोगों का नाम जारी कर उन्हें 30 अप्रैल तक कार्यभार ग्रहण करने का जिक्र था। पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया था कि जिन्हें ज्वाइनिंग लेटर नहीं मिला है, वे संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक के कार्यालय से संपर्क कर आदेश प्राप्त कर अपना कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं। इस पत्र के आधार पर लोगों ने जब अस्पताल प्रबंधन से संपर्क करना शुरू किया, तो उन्हें इस फेक आर्डर का पता चला।

अस्पताल प्रबंधन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में स्टाफ नर्स एवं एएनएम से संबंधित ऐसी कोई भी भर्ती सूचना जारी नहीं की गई है। भर्ती से संबंधित यह सूचना पूर्णरूप से फर्जी और भ्रामक है।

# तेंदूपत्ता बोनस घोटाला, मिले इनपुट में दर्जनभर वनकर्मी संदेह के दायरे में, जल्द होगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुकमा, कोंटा में वर्ष 2021 तथा 2022 के तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला में ईओडब्लू के अफसरों को महत्वपूर्ण इनपुट मिले हैं। निलंबित आईएफएस अशोक कुमार पटेल तथा अन्य वनकर्मियों के यहां चली दो दिन की कार्रवाई में अफसरों को करीब दर्जनभर वनकर्मियों के घोटाले में शामिल होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में ईओडब्लू के अफसर वनकर्मियों को नोटिस जारी कर पूछताछ करने तलब कर सकते हैं।

■ **वनकर्मियों से पूछताछ के आधार पर गिरफ्तारी का सिलसिला शुरू हो सकता है**

ईओडब्लू वर्ष 2021 तथा 2022 में तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं को सात करोड़



बोनस वितरण में से तीन करोड़ 62 लाख रुपए की गड़बड़ी के आरोपों की जांच कर रही है। जांच एजेंसी ने दो दिन पूर्व सुकमा, कोंटा में निलंबित आईएफएस अशोक कुमार, पूर्व विधायक, सीपीआई नेता मनीष कुंजाम सहित आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में आईएफएस अफसर सहित वनकर्मियों के ठिकानों से जांच एजेंसी ने इलेक्ट्रॉनिक के साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर जांच करने के साथ संबंधितों से पूछताछ की।

पूछताछ में तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला मामले में कई और निचले स्तर के वन अफसरों के साथ वनकर्मियों की संलिप्तता पाई गई है। जिन लोगों की बोनस घोटाला में संलिप्तता पाई गई है, उन लोगों को ईओडब्लू के अफसर पूछताछ के लिए तलब करेंगे।

### पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई

तेंदूपत्ता बोनस राशि घोटाला में ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसरों ने गुरुवार को जिन लोगों के ठिकानों में दबिश दी थी, उन लोगों को पूछताछ करने ईओडब्लू ऑफिस तलब किया जाएगा। साथ ही जो नए एक दर्जन संदेही सामने आए हैं, ईओडब्लू के अफसर उन्हें भी पूछताछ के लिए तलब करेंगे। सभी से पूछताछ के बाद ईओडब्लू के अफसर आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

### नेटवर्क बनाकर घोटाला

बोनस राशि वितरण मामले में ईओडब्लू के अफसरों को वन विभाग के निलंबित डीएफओ द्वारा निचले स्तर के अफसर, वनकर्मियों के साथ नेटवर्क बनाकर घोटाला को अंजाम दिए जाने की आशंका है। जांच एजेंसी घोटाला के नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल थे, इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।



## खबर संक्षेप

### सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों, जनपदों एवं ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सभी कलेक्टरों एवं जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर 14 अप्रैल को कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पंचायत राज दिवस (24 अप्रैल) में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र की जानकारी दी जाएगी। हर विकासखंड से चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सीएससी-वीएलई सेवा प्रदाताओं के मध्य एमओयू (सहमति पत्र) की प्रक्रिया भी पूर्ण की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पंचायत एंबेसडर की भूमिका को और प्रभावी बनाने हेतु कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जहाँ एंबेसडर नियुक्त नहीं हैं, वहां उपयुक्त प्रतिनिधि का चयन कर उन्हें नियुक्त किया जाएगा। मोर दुआर साय सरकार विशेष पखवाड़ा (15 से 30 अप्रैल) के अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण कार्य की जानकारी लाभार्थियों तक पहुँचाने और योजना की पात्रता संबंधी जानकारी देने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। भूजल संरक्षण हेतु जनजागरूकता बढ़ाने और जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया जाएगा।

### चोरी की बाइक, मोबाइल के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**रायपुर**। आमानाका पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को चोरी की बाइक तथा तीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सीमांचल मगराज की शिकायत पर गिरधर विश्वकर्मा उर्फ लादेन को गिरफ्तार किया है। सीमांचल ने 27 मार्च को बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस दौरान पुलिस को हिस्ट्रीशीटर बदमाश बाइक बेचने के फिराक में ग्राहक ढूंढने की जानकारी मिली। पुलिस ने गिरधर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बाइक के साथ मोबाइल चोरी करने का अपराध कबूल किया।

### अमानत में खयानत का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**रायपुर**। धरसींवा पुलिस ने सात माह पूर्व 10 करोड़ रुपए के अमानत में खयानत करने के आरोप में हरियाणा से एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिमगा स्थित अपोलो फैक्ट्री के मैनेजर संतोष कुमार राय की शिकायत पर पुलिस ने फरीदाबाद निवासी पुनीत दहिया को गिरफ्तार किया है। संतोष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि ट्रेलर में रॉ-मटेरियल क्वाइल लोड कराई थी, जिसे पुनीत ने निर्धारित जगह अनलोड करने के बजाय किसी अन्य जगह ले जाकर बेच दिया।

### फरार दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रायपुर**। पंडरी तथा डीडीनगर थाना क्षेत्र में दर्ज अपराध के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने फरार दो हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है।

## तालाब में पानी की कमी, गंदगी से फैल सकती हैं बीमारियां



**पिथौरा(ग्रामीण)**। ग्राम पंचायत लाखागढ़ के प्रमुख तालाब में इन दिनों पानी की गंभीर कमी देखने को मिल रही है। वर्तमान में तालाब में मात्र घुटने तक पानी शेष है, जिसमें ग्रामीण नहाने के लिए उतर रहे हैं। इससे न केवल जल प्रदूषित हो रहा है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ लोग उसी गंदे पानी में मछलियां भी मार रहे हैं, जिससे तालाब का पानी और अधिक दूषित हो गया है। यह स्थिति संभावित बीमारियों को जन्म दे सकती है, जिससे पूरे गाँव की स्वास्थ्य व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने संबंधित उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस विषय पर शीघ्र संज्ञान लिया जाए एवं उचित कार्रवाई की जाए, जिससे तालाब की स्थिति सुधरे और ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके।

# एक ही नामांकन के चलते जिला मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ महासमुंद चैंबर जिला उपाध्यक्ष पद के लिए 16 अप्रैल को होगा

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनाव प्रक्रिया के तहत महासमुंद चैंबर जिला उपाध्यक्ष पद के लिए प्रवीण अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल के मध्य 16 अप्रैल को मतदान द्वारा चुनाव होना है जिसमें महासमुंद शहर के 175, बागबाहरा के 40, बेलसोंडा के 13, बिरकोनी के 47, बसना के 35, झलप के 6, घोड़ारी के 4, सरायपाली के 148, पिथौरा के 9, कोमाखान के 1 एवं मुढ़ेना के 1 कुल 479 मतदाता



बुधवार, 16 अप्रैल को मतदान केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर, बालेश्वर रोड, महासमुंद में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 तक मतदान कर सकेंगे। मतदान के तुरंत बाद मतपेटियां कड़ी सुरक्षा के साथ चैंबर मुख्यालय रायपुर ले जाई जाएंगी जहां शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे से मतगणना होगी। रविवार, 20 अप्रैल 2025 को शहीद स्मारक भवन, रायपुर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जिले के चुनाव हेतु केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में महावीर तालेड़ा एवं संजय देशमुख उपस्थित रहेंगे।

### निर्विरोध निर्वाचित होंगे जितेंद्र

जिले से चैंबर जिला मंत्री पद हेतु केवल एक ही प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार चंद्राकर का नामांकन होने से इस पद के चुनाव नहीं होगा और निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति है. उक्त मतदान केंद्र में दो बूथ बनाए गए हं जिसमें कक्ष क्रमांक 1 में मतदाता क्रमांक 10570 से 10821 तक एवं कक्ष क्रमांक 2 में मतदाता क्रमांक 10822 से 11048 तक के मतदाता मतदान कर सकेंगे।

# बड़ों का आदर और बुजुर्गों का सम्मान करना सिखाती है भागवत: निखिलकांत

## सिर्रीकला के भागवत व लचकेरा के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राजिम क्षेत्र के ग्राम लचकेरा व सिर्रीकला में आयोजित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा तथा भागवत कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। ग्राम लचकेरा में निषाद समाज द्वारा राधा-कृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें समाज द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष साहू ने भगवान श्रीकृष्ण, राधारानी व मंदिर परिसर में स्थित शिव लिंग की पूजा कर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। समाज



द्वारा पुष्पमाला व राधाकृष्ण के चित्र भेंटकर साहू का स्वागत किया गया। इसी तरह सिर्रीकला में आयोजित श्रीमद भागवत कथा महायज्ञ में वे शामिल हुए। उन्होंने व्यासपीठ की पूजा कर भागवत भगवान का आशीर्वाद लिया। कथा श्रवण करने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भक्तिमय आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा भागवत कथा के श्रवण से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। भागवत के माध्यम से हमें भगवान के सभी लीलाओं का ज्ञान मिलता है। आज के समय में भागवत कथा अत्यंत प्रासंगिक है। बच्चे, किशोरों व युवाओं को भागवत कथा सुनना आवश्यक है। भागवत के माध्यम से बड़ों का आदर, बुजुर्गों का सम्मान, अपनी संस्कृति, परंपरा ज्ञान हम आने वाले पीढ़ी को दे सकते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## भाजपा ग्रामीण मंडल ने की बम्हनी के मंदिर की सफाई



**महासमुंद**। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष संगठन एवं जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू के निर्देशानुसार 6 अप्रैल स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती तक चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम महासमुंद ग्रामीण मंडल के ग्राम बम्हनी स्थित बम्हनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से महासमुंद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, ग्रामीण मंडल महामंत्री लक्ष्मीकांत तिवारी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, कार्यक्रम के मंडल संयोजक साजन यादव, सहसंयोजक परमानंद साहू, प्रेम साहू एवं ग्राम पंचायत चिंगरौद, सरपंच बम्हनी सरपंच बरोंडाबाजार, सरपंच साराडीह, सरपंच एवं शक्ति केंद्र के प्रभारी बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा में मार्शल आर्ट का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित भव्य शोभायात्रा में नीलकंठ कराते मार्शल आर्ट स्कूल के खिलाड़ियों द्वारा कराते मार्शल आर्ट का जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें खुशी साहू के निर्देशन में महिला सुरक्षा को प्रदर्शित करते हुए वुमेंस सेल्फ डिफेंस तलवार, भाला लाठी का प्रदर्शन गरिमा दुबे, जानिया चतुर्वेदी, डिंपल गोस्वामी, रश्मि कुंजा, कोमल बाग, बीना कन्नौजे, कुंदती सोनवानी, मुस्कान साहू, चांदनी चतुर्वेदी, तमन्ना नायक द्वारा किया गया। वहीं कराते मास्टर नीलकंठ साहू, शेखर साहू के निर्देशन में लक्की



शिवारे, हिमांशु नायक, कृष्ण देव बाग, तुषार डडसेना, हिमांशु देवांगन, सौरभ नमन शिवारे, कुशाग्र गायकवाड़, नील बागची, आयुष शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, अंकित वैष्णव द्वारा कराते मार्शल आर्ट लाठी के साथ 25 -30 लोगों को मिनटों में पछाड़ने का फाइट टेक्निक का प्रदर्शन किया। मास्टर ईशान साहू, निकुंज साहू ने फायर बाल, फायर राड एवं जैपनीज फाइट टेक्निक काता का प्रदर्शन किया जिसे देखने लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं मास्टर नीलकंठ साहू ने आंख में पट्टी बांधकर तलवारबाजी का शानदार प्रदर्शन किया जिसे देखकर लोगों ने खूब तालियां बजाई।

# बागबाहरा में महिला जिम का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

■ नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने किया जिम का उद्घाटन

शहर की महिलाओं के लिए शांतिनगर वार्ड 2 में महिला जिम का नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल और उपाध्यक्ष देवेश साहू ने शुभारंभ किया। नपा अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल कहा कि महिलाओं के लिए यह एक नई पहल है। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना और व्यायाम करना महिलाओं का भी अधिकार है। नगर में जिम तो है



लेकिन महिलाओं के लिए उतनी सुविधा नहीं है, युवा लड़कियां भले जिम जाती हैं लेकिन महिलाओं को सुविधा नहीं मिल पाती है। बड़े शहरों में देखा जाता है महिलाओं के लिए महिला जिम है लेकिन छोटे शहरों की महिलाओं को इस तरह की सुविधा नहीं मिलती। इस तरह महिलाओं की असुविधा को दूर करने बागबाहरा नगर की महिलाओं के लिए नपाध्यक्ष व उपाध्यक्ष के द्वारा महिला जिम का सुविधा उपलब्ध कराया गया।

इस अवसर पर पार्षद गण प्रेम साहू, शैलेष साहू, शिवा जगत, मंता यादव, मिथुन अमीर, प्रीति महेंद्र गुप्ता, सविता दिवान, थानूराम पांडे, रमेश ठाकुर सहित पंकज हरपाल, फुलसिंह ध्रुव, बंशी चंद्राकर, अवध चंद्राकर, मुरलीधर सिंहा अखिलेश सिंग, भाविक सार्वा, महेन्द्र गुप्ता इंजीनियर शशि प्रताप सिंह के अलावा महिलाएं उपस्थित थीं।

# गिधामुंडा में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा स्थापना दिवस पर भाजपा मंडल बलौदा द्वारा भाजपा स्थापना दिवस ग्राम गिधामुंडा में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष. छ.ग.महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, महासमुंद जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्र.14 कुमारी भास्कर एवं अन्य भाजपा के वक्ताओं का संबोधन हुआ। गिधामुंडा से बाइक रैली गिधामुंडा, बेलडीह पठार, तोषगांव, अंतर्ला, गोहेरापाली, तोरेसिंहा, मुड़पहार, सेमलिया, नयागाँव, मोहगांव, पालीडीह, सिरबोड़ा में रैली समापन, आमसभा कार्यक्रम समापन हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित सरला कोसरिया, कुमारी भास्कर, मंडल अध्यक्ष निलाम्बर ताण्डी, मंडल महामंत्री उपेंद्र साहू, गिरीश साहू, धनेश्वर भास्कर, राजकुमार पटेल



(कार्यक्रम प्रभारी), सत्यस्मिता साहू (कार्यक्रम सह प्रभारी), विजय प्रधान, देवानंद पटेल, मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश साहू, गिरिजा शंकर मेहेर, सुभाष प्रधान, वेदब्यास साहू, प्रताप साहू, हेमसागर साहू, पद्मिनी भोई, दीनता कुम्हार, उद्धव नंद, झनकराम मिरी, सुरेश कुम्हार, महेंद्र साहू, अभिमन्यु नैरोजी, दीपक डड़सेना, नीलांचल पांडे, मोहित रौतिया, घनश्याम भोई, दयानिधि जाल, वृंदावन पटेल, निरंजन कठार, जितेंद्र प्रधान, प्रताप जाल, सन्नी नायक, थबीरप्रसाद नैरोजी, रेशम पटेल, पितांबर साव, कुलदीप साहू, महेंद्र नायक, चंद्रमा नैरोजी (सिरबोड़ा सरपंच) पंकजनी भोई, बबली बुड़ेक, मालती सिदार, मोहन बाघ अंजना राजहंस, गंगाराम बुड़ेक, किया भोई, भोलाशंकर नंद, उत्तर कठार, मधुमंगल छत्तर, प्रदीप छत्रपति, नारायण भोई (पंचगण)भाजपा कार्यकर्ता, माताएं, बहनें, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## भाजपा शहर मंडल ने चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद**। भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत, भाजपा शहर मंडल में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक महत्वपूर्ण स्थलों में कचरों की साफ-सफाई करते हुए वातावरण को स्वच्छ रखने की अपील भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन, मंडल कोषाध्यक्ष हनीश बग्गा, मनीष शर्मा, मीना वर्मा, पीयूष साहू, उषा पाल, हिमांशु चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, सुनीता साहू, हेमकांति देवांगन, शरद राव आदि उपस्थित थे।

# अष्टप्रहरी संकीर्तन में शामिल हुए जनपद सदस्य सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद पंचायत बसना के ग्राम अंकोरी टांडा एवं देवरी ( पिलवापाली ) में आयोजित अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में क्षेत्र के नव निर्वाचित जनपद सदस्य एवं महिला बाल विकास विभाग के सभापति प्रकाश सिन्हा शामिल हुए। सिन्हा ने कहा प्रभु श्रीराम का मात्र नाम ही भवसागर से पार लगा देता है, उनका नाम मेरे जीवन का आधार है। साथ ही क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल एवं बसना नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता,



उपसरपंच मोहर साय डड़सेना, महेंद्र प्रधान, डॉ ओमेश डड़सेना समेत ग्राम के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। ग्रामवासियों ने आत्मीय रूप से स्वागत सम्मान किया। साथ ही ग्राम की ज्वलंत समस्या से अवगत कराया। जिसके लिए ग्राम देवरी के देवतुल्य जनता जनार्दन सिन्हा ने आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ग्रामीणों ने की बोर खनन की मांग

नव निर्वाचित जनपद सदस्य एवं महिला बाल विकास विभाग के सभापति प्रकाश सिन्हा से ग्राम वासियों ने प्रमुख मांगों को ध्यान में रखते हुए पेयजल को दूर करने की बात कही। साथ ही ग्रामीणों ने शासकीय हाई स्कूल में मैदान को समतलीकरण की मांग क्षेत्र के विधायक एवं जनपद सदस्य से की है। जिस पर सिन्हा ने ग्रामीणों का आश्वासन दिया है की बहुत जल्द पेयजल की समस्या एवं मूलभूत की जो भी समस्या होगी उससे से निजात दिलाने का कार्य किया जाएगा।


HEALTH TOWN

K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शोभायात्रा में शामिल हुए साहू

**महासमुंद।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय में बजरंग दल के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने परंपरागत भगवा ध्वज लेकर अनुशासित रूप से शोभायात्रा में भाग लिया।

### बाबा साहब की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई जाएगी

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल के भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा, भारतीय संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के पूर्व अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा और आसपास के स्थल की साफ-सफाई की गई। भाजपा शीर्ष संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमो में से एक कार्यक्रम 14 अप्रैल को भारतरत्न, डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को भाजपा समरसता दिवस के रूप मनाती है। स्वच्छता के अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, मंडल महामंत्री एम आर विश्वनाथन, संगठन के पखवाड़ा कार्यक्रम की शहर संयोजक पूर्व पार्षद मीना वर्मा, पार्षद माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, भाऊराम साहू, मंडल पदाधिकारी हनीश बग्गा, नईम खान, समीर करकसे, शरद मदनकार सहित भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निधन

### भागवत चंद्राकर



**बेलसोंडा।** समीपस्थ ग्राम बेलसोंडा निवासी भागवत चंद्राकर (60) का 13 अप्रैल को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। इनकी अंतिम यात्रा में गांव के गणमान्य ग्रामीण शामिल हुए।

## हड़ताल : पंचायत व्यवस्था पूरी तरह ठप, ग्रामीणों में उभरा आक्रोश

# शासकीयकरण की मांग को लेकर सचिव संघ की क्रमिक भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

पंचायत सचिव संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। बीते 11 अप्रैल से सचिव संघ ने अपनी मांगों को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है, जिससे जनपद कार्यालय के समक्ष आंदोलन का स्वरूप और अधिक तीव्र होता जा रहा है। संघ की एक सूत्रीय मांग 'शासकीयकरण' को लेकर पंचायत सचिव पूरी तरह से अड़े हुए हैं।

सचिवों का कहना है कि लंबे समय से आंदोलनरत रहने के बावजूद शासन की ओर से उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलते रहे हैं, जिससे अब धैर्य का बांध टूटने लगा है। शासन की चुप्पी और उदासीन रवैए के खिलाफ अब सचिव संघ ने आरपार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। प्रदेशभर में 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते पंचायत स्तर के कार्य पूरी तरह से ठप हो गए हैं। गांवों में न तो विकास कार्य हो पा रहे हैं, न ही पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का संचालन सुचारु रूप से हो पा रहा है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। पंचायत सचिवों की अनुपस्थिति से मनरेगा, स्वच्छता अभियान, ग्रामीण विकास योजनाएं, पेंशन वितरण, और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे ज़रूरी कार्य ठप हैं।



**धरना स्थल बना संघर्ष का केंद्र**

जनपद कार्यालय के समक्ष आंदोलन स्थल पर मुरली साव के नेतृत्व में मोहित साहू, यशवंत डड़सेना, हिरामणी यादव, विश्राम निषाद, निराकार पटेल, फरमानंद यादव, शिवलाल विश्वकर्मा, वीरेंद्र यादव, जिला सचिव एवं संरक्षक पुनीत सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव लगातार बैठे हुए हैं। वहां का माहौल पूरी तरह से संघर्षशील बना हुआ है।

### ग्रामीणों में बढ़ता असंतोष, शासन से शीघ्र समाधान की मांग

कामकाज ठप होने से ग्रामीण अब भटकने को मजबूर हैं। पंचायतों में कार्य न होने से जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, पेयजल योजना जैसे जरूरी कार्य अधर में लटक गए हैं। इससे आमजन में शासन-प्रशासन के प्रति असंतोष गहराता जा रहा है। ग्रामीणों की स्पष्ट मांग है कि पंचायत सचिवों की मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए, जिससे ग्राम पंचायतों की व्यवस्था पटरी पर लौट सके।

### विभिन्न संगठनों का समर्थन, आंदोलन को मिल रही मजबूती

पंचायत सचिव संघ को अब तृतीय वर्ग कर्मचारी महासंघ, रोजगार सहायक संघ, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक संघ, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ जैसे महत्वपूर्ण कर्मचारी संगठनों का समर्थन प्राप्त हो गया है। इससे आंदोलन को प्रदेशव्यापी जनसमर्थन मिलने लगा है और सचिवों के हौसले बुलंद हैं।

### संघ अध्यक्ष मुरली साव का बयान

संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुरली साव ने कहा, हमारी एक ही मांग है- शासकीयकरण। सरकार ने वर्षों तक सिर्फ आश्वासन दिया है, अब हमें ठोस निर्णय चाहिए। भूख हड़ताल कोई सामान्य कदम नहीं है, लेकिन हमें इसके सिवाय कोई विकल्प नहीं बचा। उन्होंने आगे बताया कि विभिन्न संगठनों के समर्थन से उन्हें नई ऊर्जा मिली है और वह शासन से आग्रह करते हैं कि शीघ्र सचिवों की मांगों को मानते हुए ग्राम पंचायत व्यवस्था को पुनः बहाल किया जाए।

### समाधान की ओर देख रही निगाहें

अब जबकि पंचायत सचिव भूख हड़ताल पर उतर आए हैं और पंचायत व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो चुकी है, ऐसे में पूरे प्रदेश की निगाहें शासन के अगले कदम पर टिकी हैं। यदि शीघ्र कोई समाधान नहीं निकाला गया, तो यह आंदोलन व्यापक जनअसंतोष का कारण बन सकता है। सरकार को चाहिए कि संवाद स्थापित कर सचिवों की मांगों का यथाशीघ्र समाधान करे, ताकि ग्रामीण व्यवस्था पुनः पटरी पर लौट सके।

## जम्हर में हरि संकीर्तन अष्टप्रहरी नाम यज्ञ संपन्न

### भक्ति की गूंज से गूंज उठा गांव



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा(ग्रामीण)

- कीर्तन मंडलियों की प्रस्तुतियों ने गांव के वातावरण को बनाया भक्तिमय

ग्राम जम्हर में आयोजित हरि संकीर्तन अष्टप्रहरी नाम यज्ञ श्रद्धा, भक्ति और अपार आस्था के साथ संपन्न हुआ।

हरे राम हरे कृष्ण के संकीर्तन से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में डूब गया। भक्तों की उपस्थिति और कीर्तन मंडलियों की प्रस्तुतियों ने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। इस भव्य धार्मिक आयोजन में ग्राम अमरकोट, बल्दीडीह, गोपालपुर, कुरचुड़ी और जम्हर की कीर्तन मंडलियों ने भाग लेकर समूहिक संकीर्तन और भजन-कीर्तन के माध्यम से वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।

समापन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, विधायक प्रतिनिधि स्वप्निल तिवारी, सतीश ध्रुव, ग्राम सरपंच तुलाबाई घनश्याम पटेल, उपसरपंच संजुकला ठाकुर समेत समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का संचार करते हैं।

ग्राम जम्हर में हुआ यह अष्टप्रहरी नाम यज्ञ न केवल धार्मिक आयोजन था, बल्कि यह ग्रामवासियों की एकजुटता और भक्ति भावना का अद्भुत उदाहरण भी बना। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुजन भजन, कीर्तन में लीन रहे।

## बीज निगम अध्यक्ष का पार्षद के नेतृत्व में हुआ स्वागत



**महासमुंद।** पदभार ग्रहण पश्चात नवनियुक्त छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर के प्रथम नगर आगमन पर साहू कॉफी हाउस के पास भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य गजमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी कर मिठाई वितरण किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से यशवंत चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, प्रशांत श्रीवास्तव, ललित कौशिक, कमलेश चंद्राकर, उमाशंकर चंद्राकर, सूर्या प्रताप, बंशी साहू, राजेश नायक, प्रहलाद यादव, लालू यादव, मौसम साहू आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्राम सभा के आयोजन के लिए वैकल्पिक सचिवों की नियुक्ति

### हड़ताल के बीच प्रशासन ने संभाली जिम्मेदारी, दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

विकासखंड पिथौरा के समस्त ग्राम पंचायतों में 14 अप्रैल को ग्राम सभाओं का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस बीच पंचायत सचिवों की हड़ताल के कारण प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक सचिवों की नियुक्ति कर जिम्मेदारी संभालने की व्यवस्था की है। रविवार को जनपद पंचायत परिसर में विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें वैकल्पिक सचिवों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सुशासन तिहार जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है, जो कि छत्तीसगढ़ शासन की प्राथमिकता में शामिल योजनाओं में से एक है। उप संचालक पंचायत महासमुंद द्वारा जारी आदेश में निर्देशित किया गया है कि अब ग्राम पंचायतों में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक, रोजगार सहायक, करारोपण



अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अस्थायी रूप से सचिव पद का प्रभार संभालेंगे।

इस निर्णय से ग्राम पंचायतों में अटके हुए कार्यों को पुनः गति मिलने की उम्मीद है और आम जनता को राहत मिलेगी। यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी जब तक हड़ताली सचिवों की मांगों पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जाता। ज्ञात हो कि 126 पंचायत सचिवों की हड़ताल से विकास कार्यों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। हालांकि, प्रशासन द्वारा लागू की गई वैकल्पिक व्यवस्था से ग्राम सभा जैसे अहम कार्यक्रमों को संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीपी मनहर ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सभा की तैयारी के लिए वैकल्पिक सचिवों की नियुक्ति की गई है, जिसमें रोजगार सहायक, करारोपण अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल अस्थायी व्यवस्था है, जो नियमित सचिवों की हड़ताल समाप्त होने तक जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा पंचायत सचिवों को नैतिक समर्थन दिए जाने के बावजूद ग्राम सभा कार्यक्रम प्रभावित नहीं होगा, इसकी पूरी तैयारी की जा चुकी है।

## सुशासन तिहार 2025 का प्रथम चरण संपन्न

### जनता की भागीदारी से मिला सकारात्मक प्रतिसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

नगर पंचायत पिथौरा में सुशासन तिहार 2025 का प्रथम चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। प्रथम चरण में आवेदन लेने की प्रक्रिया 11 अप्रैल तक संचालित की गई, जिसमें कुल 1544 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों में से 25 आवेदन समस्या/शिकायत से संबंधित हैं, जो आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और प्रशासन के प्रति जागरूकता को दर्शाता है।

नगरपालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीआर सोनबेर ने बताया कि प्राप्त अधिकांश आवेदन मांग संबंधी हैं, जिनमें प्रमुख रूप से महतारी वंदन योजना, कृषि भूमिहीन कल्याण योजना, पट्टा प्रदाय, प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क एवं नाली निर्माण जैसी आवश्यकताओं की मांग शामिल है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 25 आवेदन





विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर प्राप्त हुए हैं, जिनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। दूसरा चरण 13 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, जिसमें प्राप्त आवेदनों का समाधान और निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके।

इसके पश्चात तीसरा चरण 5 मई से 31 मई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में आम जनता को सीधे समाधान का अवसर प्रदान किया जाएगा। नगर पंचायत पिथौरा द्वारा सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच सकें और जनहित में सुशासन की भावना साकार हो सके।

## जनपद उपाध्यक्ष ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बेलसोंडा में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने पवन सुत हनुमान के जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर के साथ-साथ स्वागत द्वार, तालाब, पचरी विद्यालय के साथ कई स्थान पर अपने टीम के साथ सुबह से जाकर साफ-सफाई काम में जुड़ गए।

## जुझारू आंबा कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की जिलाध्यक्ष बनी सरोज, ज्योत्सना नंद सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बागबाहरा में शनिवार को जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की बैठक प्रांतीय आह्वान पर कुर्मी भवन में आयोजित किया गया। जिसमें प्रांतीय पदाधिकारी समेत अन्य ज़िलों के जिला अध्यक्ष विभिन्न ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष एवं तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला अध्यक्ष तथा जिला पर विभिन्न पदाधिकारियों को संघ द्वारा पदस्थ करना एवं कार्यकर्ता सहायिकाओं की नियमितीकरण, पेंशन तथा विभिन्न समस्याओं पर केंद्रित था। जिला अध्यक्ष के रूप में सरोज



चंद्राकर को एवं उपाध्यक्ष के रूप में संतोषी यादव (बसना), ज्योत्सना नंद सरायपाली को सचिव, पूजा रानी सलूजा (पिथौरा) को सर्वम्मति से निर्विरोध चुना गया है। सभी को शुभकामनाएं देकर उन्हें जिले के कार्यों की जिम्मेदारी सौंपा गया है। बैठक में जुझारू संघ की प्रांताध्यक्ष पदमावती साहू, भुनेश्वरी तिवारी, विभा तिवारी, रेवती वत्सल, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ से भैयालाल चंद्राकर, भीमसेन चंद्राकर, रमाकांत बुनकर, दिलीप सेन, अशोक चंद्राकर, आरके सिंग, जीडी मानिकपुरी, राजेंद्र भोथा, सेक्टर से राजकुमारी दीवान, अनंता पांडेय, कृष्णा महानंद, रेखा साहू, ईमला साहू, नंदनी साहू, फुलकूवर भट्ट, चंद्रिका यादव, रामेश्वरी साहू, रुखमणी साहू एवं अन्य सभी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं शामिल हुई।

## मैदानी कर्मियों को पंचायत सचिवों का प्रभार सौंपने से बिगड़ेगी विभागीय व्यवस्था

# सचिवों पर दबाव डालने पूरी व्यवस्था बिगाड़ रही भाजपाः विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**काम का बोझ बढ़ने से मैदानी कर्मी भी नहीं कर पाएंगे विभाग से संबंधित कार्य**

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सरकार द्वारा पंचायत सचिवों पर अनावश्यक दबाव डालने उनके कार्यों का प्रभार अन्य कर्मचारियों को देने की निंदा की है।

चंद्राकर ने कहा कि पंचायत सचिवों के कार्यों का प्रभार जनपद के करारोपण अधिकारियों, कृषि विस्तार अधिकारियों सहित रोजगार सहायकों को दिया जा रहा है। इन कर्मचारियों के पास पहले से अपने विभाग से संबंधित कामों की अधिकता है। ऐसे में मैदानी कर्मियों पर काम का बोझ बढ़ेगा तथा उनके संबंधित विभाग के कार्य भी अटक जाएंगे। जिससे आम जनता की परेशानी और बढ़ेगी। सरकार के इस निर्णय से ना तो पंचायतों के कार्य हो पाएंगे और ना ही मैदानी कर्मचारियों के संबंधित विभाग के कार्य होंगे। सरकार की गलत नीति व कार्यप्रणाली के चलते आज पूरे प्रदेश में पंचायत विभाग के प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो चुके हैं। गांवों में मूलभूत कार्य, विकास कार्य, वृद्धा पेंशन, पीएम आवास, पीएम जनमन, आय-जाति, निवास सहित समस्त प्रकार के कार्य ठप पड़े हैं। इसके बाद भी सरकार लगातार सुशासन की ढोल पीट रही है।



100 दिन के भीतर मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों को भाजपा ने शासकीयकरण करने का वादा किया था। अब अपनी एक गारंटी को झूठलाते हुए पूरी व्यवस्था को प्रभावित करने में भाजपा की साय सरकार लगी हुई है। पंचायत सचिव पिछले माह भर से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। वर्तमान ग्रीष्म ऋतु में ग्रामों में सबसे अधिक पेयजल की समस्या का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। सचिवों के हड़ताल के चलते पंचायत की राशि मूलभूत कार्यों के लिए नहीं निकल पा रही। यदि सरकार समय रहते पंचायत सचिवों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया तो इस आंदोलन का प्रभाव सबसे अधिक प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ेगा। सरकार के वादाखिलाफी के कारण आम जनता को बेवजह परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने पंचायत सचिवों की मांग को जायज बताते हुए भाजपा सरकार से पंचायत सचिवों की मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की है।

श्री चंद्राकर ने भाजपा सरकार के 2023 के चुनावी वादे को याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने 2023 के विधान सभा चुनावों में अपने चुनावी घोषणा पत्र "मोदी की गारंटी" में सौ दिनों में वादों को पूरा करते हुए पंचायत सचिवों की शासकीयकरण का वादा किया था लेकिन भाजपा सरकार को बने आज सवा साल बीतने को है। लेकिन भाजपा ने आज तक न तो सचिवों की मांग के अनुरूप नियमितीकरण करने का काम किया है। और न ही भाजपा सरकार में पंचायत सचिवों की कोई सुनवाई हो रही है।

भाजपा ने 'मोदी की गारंटी' के वादे सौ दिनों में पूरे नहीं कर पंचायत सचिवों को ठगने का काम किया है। आज प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार अपने ही चुनावी वादे "मोदी की गारंटी" से भाग रही है।

